## RRB NTPC Previous Year Paper 01

**Directions (1-3): निम्नलिखित गद्यांश का उपयोग करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

राहुल और कुसुम हिंदी और गणित में अच्छे हैं। समीर और राहुल हिंदी और जीव विज्ञान में अच्छे हैं। गीता और कुसुम मराठी और गणित में अच्छी हैं। समीर, गीता और मिहिर इतिहास और जीव विज्ञान में अच्छे हैं।

**Q1.** जीव विज्ञान और मराठी दोनों में कौन अच्छा है?
(a) गीता
(b) कुसुम
(c) समीर
(d) मिहिर

**Q2.** केवल हिंदी, मराठी और गणित में कौन अच्छा है?
(a) समीर
(b) राहुल
(c) कुसुम
(d) गीता

**Q3.** गणित, जीव विज्ञान और हिंदी में कौन अच्छा है?
(a) गीता
(b) राहुल
(c) समीर
(d) मिहिर

**Q4.** नीचे दिए गए कथन के बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए सभी कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों का अध्ययन कीजिए और सर्वज्ञात तथ्यों को नज़रंदाज़ करते हुए निर्णय लीजिये कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा दिए गए कथनों का अनुसरण करता है।
**कथन**:
अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद, रितिक को आराम करने का समय मिल जाता है।
**निष्कर्ष**:
**I.** ऋतिक एक संगठित व्यक्ति है।
**II.** व्यस्त व्यक्ति के लिए आराम सबसे महत्वपूर्ण चीज है।
नीचे से सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) इनमें से कोई भी अनुसरण नहीं करता हैं

**Q5.** निम्नलिखित में से कौन सा दी गई संख्याओं के लिए सही है?
(a) 13/33 < 32/47 < 20/47 < 25/27
(b) 13/33 < 20/47 < 25/27 < 32/47
(c) 13/33 < 20/47 < 32/47 < 25/27
(d) 20/47 < 13/33 < 32/47 < 25/27

**Q6.** ठोस आयोडीन का रंग होता है-
(a) सफ़ेद
(b) रंगहीन
(c) जामुनी भूरे से काला
(d) लाल भूरा

**Q7.** 25/7, 15/28, 20/21 का ल.स. ज्ञात कीजिए।
(a) 300/7
(b) 300
(c) 320/23
(d) 320

**Q8.** मौर्य वंश का अंतिम सम्राट कौन था?
(a) चन्द्रगुप्त
(b) अशोका
(c) बृहद्रथ
(d) शतधन्वन

**Q9.** X, 5 फीट लंबा है और वह देखता है कि वह 3 फीट लम्बी परछाई बनती हैं। फिर वह मापता है कि उसके विद्यालय की इमारत द्वारा बनी परछाई 30 फीट लंबी है। तो ज्ञात कीजिए इमारत कितनी लंबी है?
(a) 50 फीट
(b) 18 फीट
(c) 90 फीट
(d) 150 फीट

**Q10.** 3 कुर्सियों और 2 मेज की कीमत 700 रुपये और 5 कुर्सियों और 3 मेज की कीमत 1100 रुपये है। 1 कुर्सी और 2 मेज की कीमत कितनी है?
(a) 350
(b) 400
(c) 500
(d) 550

**Q11.** दो संख्याओं का ल.स. 210 है। यदि इनका म.स. 35 है और इन संख्याओं में से एक 105 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 35
(b) 70
(c) 105
(d) 140

**Q12.** अकेले कार्य करते हुए, A, 15 दिनों में एक कार्य कर सकता है और B, समान कार्य को 18 दिनों में कर सकता है। यदि दोनों एक साथ कार्य करते हैं, तो कार्य कितने दिनों में पूरा होगा?
(a) 10/3 दिन
(b) 90/11 दिन
(c) 5/36 दिन
(d) 15 दिन

**Q13.** वर्ष 2015 में, __________, जीनस होमो की एक नई प्रजाति की खोज दक्षिण अफ्रीका के, क्रैडल ऑफ़ ह्यूमनकाइंड, राइजिंग स्टार गुफा प्रणाली के डिनालेडी चैंबर में की गई थी।
(a) होमो नालेदी
(b) होमो इरेक्टस
(c) होमो हैबिलिस
(d) होमो रुडोल्फेंसिस

**Q14.** नीचे दिए गए एक कथन के बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए सभी कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों और निर्णय लेना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा दिए गए कथनों का तार्किक रुप से अनुसरण करता है।
**कथन**:
सभी परिश्रमी व्यक्ति सफल होते हैं।
**निष्कर्ष**:
**I.** सभी सफल व्यक्ति परिश्रमी होते हैं।
**II.** केवल कड़ी मेहनत ही जीवन में सफलता की गारंटी हो सकती है।
नीचे से सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) इनमें से कोई भी अनुसरण नहीं करता है

**Q15.** वेब ब्राउज़र में, निम्नलिखित में से किसका उपयोग लगातार देखी जाने वाली वेबसाइटों को सेव करने के लिए किया जाता है?
(a) हिस्ट्री
(b) टास्क मेनेजर
(c) फैव्रट
(d) सेव एस

**Q16.** खजुराहो समूह के स्मारकों का यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल कहाँ स्थित है?
(a) मध्य प्रदेश
(b) उत्तर प्रदेश
(c) उत्तराखंड
(d) छत्तीसगढ़

**Q17.** यदि '+' का अर्थ '×' है, '–' का अर्थ ÷ है , '×' का अर्थ + है और '÷ ' का अर्थ '– 'है; व्यंजक के मान की गणना कीजिए।
45–9+4×5
(a) 21
(b) 25
(c) 26
(d) 23

**Q18.** स्वर्ण मंदिर किस झील पर स्थित है?
(a) अमृत सरोवर झील
(b) स्वर्ण झील
(c) हरिके झील
(d) सुखना झील

**Q19.** यदि तीन संख्याएँ 1:3:5 के अनुपात में हैं और उनका योग 10,800 है। तीन संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 1200
(b) 3600
(c) 6000
(d) 5400

**Q20.** यदि A = 1 और PAT = 37, तो PART =
(a) 55
(b) 52
(c) 51
(d) 54

**Q21.** धनात्मक संख्या 30 द्वारा अपने धनात्मक वर्गमूल से अधिक है। संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 16
(b) 36
(c) 25
(d) 49

**Q22.** एक कार यात्रा की पहली छमाही के लिए 50 किमी/घंटा की गति से और दूसरी छमाही के लिए 60 किमी/घंटा की गति से यात्रा करती है। पूरी यात्रा के लिए कार की औसत गति कितनी है?
(a) 54.54 किमी/घंटा
(b) 36.36 किमी/घंटा
(c) 50.5 किमी/घंटा
(d) 45.45 किमी/घंटा

**Q23.** वर्ष 2016 में, 'प्रेडिक्टिव पुलिसिंग' के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग
करने के लिए ISRO के साथ किसने भागीदारी की है?
(a) दिल्ली पुलिस
(b) मुंबई पुलिस
(c) चेन्नई महानगर पुलिस
(d) कोलकाता पुलिस

**Q24.** निम्नलिखित में से कौन सा तकनीकी आविष्कार पहले आया था?
(a) टेलीग्राफ
(b) टेलीस्कोप
(c) टेलीफोन
(d) टेलिटाइप

**Q25.** रीता, सीमा का अपनी मां के पिता के इकलौते पुत्र की पुत्री के रूप में परिचय करवाती है। रीता, सीमा से किस प्रकार संबंधित है?
(a) कजिन
(b) पैटरनल आंट
(c) नीस
(d) मैटरनल आंट

**Q26.** मृणाली साराभाई किस कला से संबंधित थीं?
(a) पट्टचित्र
(b) तंजावुर चित्रकला
(c) भरतनाट्यम
(d) मधुबनी चित्रकला

**Q27.** उस युग्म का चयन कीजिए, जो दिए गए विकल्पों में से पहले युग्म के शब्दों के समान है।
INDIA: TIGER :: USA : ______
(a) UNICORN
(b) BALD EAGLE
(c) TURUL
(d) DRUK

**Q28.** एक लगेज बॉक्स का आयाम 80 सेमी, 60 सेमी और 40 सेमी हैं। बॉक्स को कवर करने के लिए कितने वर्ग सेमी कपड़े की आवश्यकता होगी?
(a) 10400 वर्ग सेमी
(b) 20800 वर्ग सेमी
(c) 20400 वर्ग सेमी
(d) 10200 वर्ग सेमी

**Q29.** दो - अंकीय संख्याओं के अंकों का योग 10 है। जब अंकों को उल्टा जाता हैं, तो संख्या 54 द्वारा घट जाती है। परिवर्तित संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 73
(b) 28
(c) 82
(d) 37

**Q30.** A और B की आय 3:2 के अनुपात में हैं और उनका व्यय क्रमश: 14,000रु. और 10,000 रु. हैं। यदि A, 4000 रु. की बचत करता है, तो B की बचत कितनी होगी?
(a) 4000 रु.
(b) 2000 रु.
(c) 3000 रु.
(d) 5000 रु.

**Q31.** गणेश कहता है, "अंजलि मेरे पैटरनल ग्रैंडफादर की इकलौती डॉटर-इन-लॉ की इकलौती ग्रैंडडॉटर है"। गणेश अकेला हैं और उसकी केवल एक बहन है, यानी एक बड़ी बहन। गणेश, अंजलि से किस प्रकार संबंधित है?
(a) मैटरनल अंकल
(b) पैटरनल अंकल
(c) कजिन
(d) नेफ्यू

**Q32.** निम्नलिखित में से किस प्रकार की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश नहीं करती हैं?
(a) दृश्य प्रकाश
(b) एक्स-रे
(c) पराबैंगनी किरणे
(d) रेडियो तरंगें

**Q33.** सरलीकृत कीजिए: (2/9 + 3/5)÷ (2/9 + 2/5)
(a) 37/28
(b) 47/43
(c) 43/47
(d) 41/47

**Q34.** वन डे इंटरनेशनल के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पहले कप्तान कौन थे?
(a) अजीत वाडेकर
(b) सुनील गावस्कर
(c) कपिल देव
(d) सी॰ के॰ नायडू

**Q35.** संस्कृति के दृष्टिकोण से संस्कृति की आस्था, मूल्यों, और प्रथाओं से सम्बन्धित सिद्धांत को क्या कहा जाता है?
(a) सांस्कृतिक व्यावहारिकता
(b) सांस्कृतिक सापेक्षवाद
(c) सांस्कृतिक स्वतंत्रता
(d) सांस्कृतिक अंतर्निर्भरता

**Q36.** सार्थक क्रम बनाने के लिए निम्नलिखित अव्यवस्थित वाक्यों को पुनर्व्यवस्थित कीजिए:
P: are inhibiting progress
Q: they look for creative
R: rather than the conventional solution of outsourcing
S: solutions to problems that
उचित क्रम होना चाहिए:
(a) SRQP
(b) QSPR
(c) PQRS
(d) QRPS

**Q37.** P, Q से दोगुना कार्य कुशल है। Q एक कार्य को पूरा करने में 12 दिन लेता हैं। यदि वे दोनों एकसाथ कार्य करते हैं, तो उन्हें कार्य पूरा करने में कितना समय लगेगा?
(a) 6 दिन
(b) 5 दिन
(c) 4 दिन
(d) 3 दिन

**Q38.** जनवरी 2016 में, भारतीय रक्षा मंत्री ने कहाँ पर विश्व का सबसे बड़ा तिरंगा फहराया है?
(a) नई दिल्ली
(b) जयपुर
(c) रांची
(d) लेह

**Q39.** संख्या: 5, 3, 6, 9, 11, 19 और 1 की निम्न सूची का माध्यिका क्या है?
(a) 5
(b) 6
(c) 9
(d) 11

**Q40.** A ने B को 15% के लाभ पर एक खिलौना बेचता है । बाद में, B ने इसे 20% के लाभ पर दोबारा A को बेच दिया, जिससे 552 रुपये प्राप्त हुए। मूल रूप से खिलौने के लिए A ने कितना भुगतान किया?
(a) 2400 रु.
(b) 2560 रु.
(c) 2760 रु.
(d) 2800 रु.

**Q41.** निम्नलिखित में से कौन सी ग्रीनहाउस गैस नहीं है?
(a) नाइट्रस ऑक्साइड
(b) मीथेन
(c) सल्फर हेक्साफ्लोराइड
(d) कॉपर डाइऑक्साइड

**Q42.** जलियांवाला बाग नरसंहार किस त्योहार पर हुआ था?
(a) बैसाखी
(b) गुरु नानक जयंती
(c) दिवाली
(d) होली

**Q43.** वर्ष 2016 विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक कहाँ हुई थी?
(a) जर्मनी
(b) स्विट्जरलैंड
(c) फ्रांस
(d) यूनाइटेड किंगडम

**Q44.** निम्नलिखित में से कौन सा कंप्यूटर वायरस नहीं है?
(a) एड्स
(b) अन्ना कोर्निकोवा
(c) ब्रेन
(d) डॉन

**Q45.** भारतीय गणराज्य में, केंद्र शासित प्रदेश का प्रशासनिक प्रमुख कौन होता है?
(a) उपराज्यपाल
(b) राज्यपाल
(c) राष्ट्रपति
(d) प्रधान मंत्री

**Q46.** जायकवाड़ी परियोजना, किस नदी पर सबसे बड़ी सिंचाई परियोजनाओं में से एक है?
(a) गोदावरी
(b) नर्मदा
(c) कृष्णा
(d) तापी

**Q47.** निम्नलिखित में से कौन भारत का सबसे बड़ा ग्लेशियर है?
(a) गंगोत्री ग्लेशियर
(b) द्रांग द्रुंग ग्लेशियर
(c) सियाचिन ग्लेशियर
(d) शफ़ात ग्लेशियर

**Q48.** ओलंपिक में पहला महिला खेल कौन सा शुरू किया गया था?
(a) जिम्नास्टिक्स
(b) वॉलीबॉल
(c) गोल्फ
(d) बैडमिंटन

**Q49.** एक तार जब एक वर्ग के रूप में मोड़ा जाता है, तो यह 484 वर्ग सेमी के क्षेत्र को घेरता है। यदि समान तार को एक वृत्त के रूप में मोड़ा जाता है, तो इसके द्वारा संलग्न क्षेत्र कितना है?
(a) 264 वर्ग सेमी
(b) 616 वर्ग सेमी
(c) 488 वर्ग सेमी
(d) 492 वर्ग सेमी

**Q50.** 20% वार्षिक दर से 2 वर्षों में 40,000 रुपये की राशि कितनी होगी, यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित है?
(a) 48,620 रु
(b) 58,564 रु
(c) 57,600 रु
(d) 60,000 रु

**Q51.** धनराशि को दोगुना होने में कितना समय लगेगा, यदि धनराशि 9.09% प्रति वर्ष साधारण ब्याज पर निवेश की गयी है?
(a) 12 वर्ष
(b) 14 वर्ष
(c) 11 वर्ष
(d) 13 वर्ष

**Q52.** 1337 से 1453 तक, सौवर्षीय युद्ध में मुख्य योद्धा कौन थे?
(a) जर्मनी का साम्राज्य और फ्रांस का साम्राज्य
(b) जर्मनी का साम्राज्य और इटली का साम्राज्य
(c) फ्रांस का साम्राज्य और स्पेन का साम्राज्य
(d) इंग्लैंड का साम्राज्य और फ्रांस का साम्राज्य

**Q53.** एक ट्रेन 10 सेकंड में एक स्थिर वस्तु को पार करती है। यदि ट्रेन की गति 25 मीटर/सेकंड है, तो ट्रेन की लंबाई कितनी है?
(a) 300 मी.
(b) 250 मी.
(c) 320 मी.
(d) 200 मी.

**Q54.** गूगल ने, रेलवे की दूरसंचार रिंग रेलटेल के साथ साझेदारी में, ______ रेलवे स्टेशन पर पहली सार्वजनिक वाई-फाई सेवा शुरू की।
(a) त्रिवेंद्रम सेंट्रल
(b) मुंबई सेंट्रल
(c) हावड़ा स्टेशन
(d) कानपुर सेंट्रल

**Q55.** यदि एक पदार्थ का pH मान 7 से कम है, तो इसे ______ माना जाएगा।
(a) न्यूट्रल
(b) क्षारीय
(c) अम्ल
(d) आयन

**Q56.** वर्ष 2013 में, पहला मानव यकृत कहाँ पर स्टेम कोशिकाओं से उगाया गया था?
(a) जापान
(b) यूएसए
(c) जर्मनी
(d) फ्रांस

**Q57.** 12 मी और 17 मी ऊंचाई के दो पोल एक समतल भूमि पर सीधे खड़े है। यदि उनके तल के बीच की दूरी 12 मीटर है, तो उनके शीर्ष के मध्य दूरी ज्ञात कीजिए।
(a) 11 मी.
(b) 12 मी.
(c) 13 मी.
(d) 14 मी.

**Q58.** विश्व धरोहर स्थल 'बासिलिका ऑफ बोम जीसस' किस राज्य में स्थित है?
(a) गोवा
(b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु
(d) केरल

**Q59.** यदि PLUTO = QKVSP है, तो SATURN=
(a) TZUTSM
(b) TATUTM
(c) TZUTRO
(d) RZUTSO

**Q60.** यदि P713, 11 द्वारा विभाज्य है, सबसे छोटी प्राकृत संख्या P का मान ज्ञात कीजिए।
(a) 5
(b) 6
(c) 7
(d) 9

**Q61.** यदि '+' का अर्थ × है, '–' का अर्थ ÷ है , '×' का अर्थ + है और '÷ ' का अर्थ– है; व्यंजक के मान की गणना कीजिए:
15 + 9 × 10÷ 5
(a) 140
(b) 190
(c) 145
(d) 130

**Q62.** निम्नलिखित में से कौन सा कैल्शियम का समृद्ध स्रोत नहीं है?
(a) पनीर
(b) कोलार्ड ग्रीन्स
(c) अंजीर
(d) गाजर

**Q63.** एक तस्वीर की ओर संकेत करते हुए, रमेश कहता है, "वह राहुल है, मेरे भाई के पुत्र के इकलौते पैटरनल अंकल की पत्नी का भाई है"। राहुल, रमेश से किस प्रकार संबंधित है?
(a) ब्रदर-इन-लॉ
(b) भाई
(c) कजिन
(d) पुत्र

**Q64.** नोबेल विजेता बनने वाला पहला भारतीय कौन था?
(a) रबींद्रनाथ टैगोर
(b) महात्मा गांधी
(c) सी. वी. रमन
(d) मदर टेरेसा

**Q65.** उस युग्म का चयन कीजिए, जो दिए गए विकल्पों में से पहले युग्म के शब्दों के समान है।
OPTHALMOLOGIST : EYE :: NEPHROLOGIST : __________
(a) NERVOUS SYSTEM
(b) LIVER
(c) KIDNEY
(d) STOMACH

**Q66.** भारतीय जन्मे शिवा अय्यादुरई किसके आविष्कार से संबंधित हैं?
(a) ईमेल
(b) इंटरनेट
(c) कीबोर्ड
(d) माउस

**Q67.** नीचे दिए गए कथन के बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए सभी कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों निर्णय लेना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा दिए गए कथनों का तार्किक रुप से अनुसरण करता है।
**कथन**:
**A.** सभी लड़के बंदर हैं।
**B.** कुछ पेड़ बंदर हैं।
**निष्कर्ष**:
**I.** कुछ बंदर लड़के हैं।
**II.** सभी पेड़ लड़के हैं।
निर्णय कीजिए नीचे दिए गए कथनों में से कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है, ।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) इनमें से कोई भी अनुसरण नहीं करता है

**Q68.** 11 परिणामों का औसत 50 है। पहले 6 परिणामों का औसत 49 है और अंतिम 6 परिणामों का औसत 52 है। 6 वां परिणाम क्या है?
(a) 48
(b) 51
(c) 56
(d) 49

**Q69.** 5.36 × 3.6 =
(a) 19.296
(b) 18.946
(c) 21.996
(d) 20.26

**Q70.** गणना कीजिए: (18+2×3.3)÷ 0.003
(a) 11200
(b) 5100
(c) 8200
(d) 1610

**Q71.** 10 मीटर लंबी एक सीढ़ी, एक ऊर्ध्वाधर दीवार की ओर झुकी हुई है। यह तल से 60° का कोण बनाती है। दीवार से सीढ़ी कितनी दूरी पर है?
(a) 5 मी.
(b) 8.66 मी.
(c) 17.32 मी.
(d) 15 मी.

**Q72.** नीचे दिए गए एक कथन के बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए सभी कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों निर्णय लेना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा दिए गए कथनों का तार्किक रुप से अनुसरण करता है।
**कथन**:
भारतीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर से बड़ा कोई दूसरा बल्लेबाज नहीं होगा।
**निष्कर्ष**:
**I.** भारतीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर से बड़ा कोई दूसरा बल्लेबाज नहीं होगा।
**II.** सचिन तेंदुलकर विश्व के सबसे महान बल्लेबाज हैं।
नीचे से सही विल्कप का चयन कीजिए:
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) इनमें से कोई भी अनुसरण नहीं करता है

**Q73.** जनवरी 2016 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 Es पर फोकस के साथ टैरिफ नीति में संशोधन के लिए विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। निम्नलिखित में से कौन सा 4 Es का भाग नहीं है?
(a) Electricity for all
(b) Environment for sustainable future
(c) Ease of doing business to attract investments
(d) Ensuring affordable electrical goods to all

**Q74.** उस युग्म का चयन कीजिए, जो दिए गए विकल्पों में से पहले युग्म के शब्दों के समान है।
CRICKET : PITCH :: SKATING: __________
(a) RINK
(b) GROUND
(c) COURT
(d) RING

**Q75.** नीचे दो कथन हैं। आपको दिए गए सभी कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।
**कथन:**
**I.** कुछ पेड़ ईमारत हैं।
**II.** सभी ईमारत तोते हैं।
निर्णय लीजिए नीचे दिए गए कथनों में से कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है, ।
(a) सभी तोते पेड़ हैं
(b) सभी तोते इमारत हैं
(c) कुछ तोते इमारत हैं
(d) कोई तोता पेड़ नहीं है

**Q76.** संरक्षण और परिरक्षण के लिए सुसज्जित प्राकृतिक क्षेत्रों में उनके प्राकृतिक आवास से लुप्तप्राय या दुर्लभ प्रजातियों के पुन: स्थान को क्या कहा जाता है?
(a) एक्स सीटू संरक्षण
(b) इन सीटू संरक्षण
(c) एक्सील संरक्षण
(d) एस्केप्ड संरक्षण

**Q77.** भारतीय संविधान के 'मौलिक कर्तव्य' को किस देश से लिया गया है?
(a) ब्रिटेन
(b) संयुक्त राज्य
(c) सोवियत संघ
(d) ऑस्ट्रेलिया

**Q78.** भारत में, समुद्र तल से सबसे ऊँचा क्रिकेट मैदान किस राज्य में स्थित है?
(a) हिमाचल प्रदेश
(b) सिक्किम
(c) उत्तर प्रदेश
(d) असम

**Directions (79-81): निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

नीचे दी गई सूची में सभी वर्षों में कंपनी Z का प्रति वर्ष (लाखों रूप में) व्यय दिया गया है।

| वर्ष | कंपनी Z के लिए व्यय मद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | वेतन | ईंधन और परिवहन | बोनस | ऋण पर ब्याज | कर |
| 2011 | 412 | 227 | 15 | 133.4 | 98 |
| 2012 | 557 | 233 | 16.5 | 142.5 | 138 |
| 2013 | 656 | 245 | 17.3 | 151.6 | 174 |
| 2014 | 680 | 260 | 17.9 | 166.4 | 188 |
| 2015 | 720 | 284 | 18.5 | 179.4 | 198 |

**Q79.** प्रति वर्ष बोनस की औसत राशि कितनी है?
(a) 17.04 लाख रु.
(b) 17 लाख रु.
(c) 17.4 लाख रु.
(d) 16.8 लाख रु.

**Q80.** वर्ष 2011 में कंपनी Z का कुल व्यय कितना है?
(a) 897.2 लाख रु.
(b) 827.5 लाख रु.
(c) 885.4 लाख रु.
(d) 727.1 लाख रु.

**Q81.** वर्ष 2012 के लिए वेतन पर व्यय के प्रतिशत के रूप में ईंधन और परिवहन पर व्यय कितना है?
(a) 41.8%
(b) 40.1%
(c) 43.1%
(d) 44.2%

**Q82.** 2 पेंसिल, 4 पेन और 8 इरेज़र की लागत 12 रुपये है और 8 पेन, 10 पेंसिल और 4 इरेज़रों की लागत 36 रुपये है। 3 पेंसिल, 3 पेन और 3 इरेज़रों की लागत कितनी होगी?
(a) 10 रु.
(b) 15 रु.
(c) 12 रु.
(d) 18 रु.

**Q83.** यदि BEAR = YVZI है, तो BUILDING =
(a) ATHKCHMF
(b) YFROWRMT
(c) YFSWOSMR
(d) ATHKCHMT

**Q84.** गुरुत्वानुवर्तन क्या है?
(a) गुरुत्वाकर्षण की प्रतिक्रिया में पौधों की वृद्धि
(b) सूर्य के प्रकाश की प्रतिक्रिया में पौधों का विकास
(c) पोषक तत्वों की प्रतिक्रिया में पौधों का विकास
(d) जल की प्रतिक्रिया में पौधों का विकास

**Q85.** यदि 120 वस्तुओं का क्रय मूल्य 80 वस्तुयों के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
(a) 33.33%
(b) 40%
(c) 50%
(d) 60%

**Q86.** वर्ष 2016 में, ISRO ने __________ में भारतीय रेलवे के लिए प्रथम उपग्रह-आधारित चेतावनी प्रणाली का परीक्षण किया।
(a) मुंबई
(b) अहमदाबाद
(c) कोलकाता
(d) दिल्ली


**Q87.** वर्ष 1831 में, जब ________ ने इलेक्ट्रिक डायनेमो बनाया, तो प्रौद्योगिकी में उपयोग के लिए बिजली व्यवहार्य हो गई।
(a) बेंजामिन फ्रैंकलिन
(b) एलेसेंड्रो वोल्टा
(c) माइकल फैराडे
(d) थॉमस एडिसन

**Q88.** यदि RAILWAY को 24-7-15-18-29-7-31 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो आप STATION को कैसे कूटबद्ध करेंगे?
(a) 25-24-7-24-15-21-19
(b) 25-26-7-26-15-21-20
(c) 25-24-8-24-15-21-19
(d) 25-26-8-26-15-21-20

**Q89.** प्रतीकों के सही समूह का चयन कीजिए:
64 4 5 8 = 88
(a) x, –, ÷
(b) + , ÷ , –
(c) + , – , ÷
(d) ÷ , ×, +

**Directions (90-92): नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

△ उन विद्यार्थियों को दर्शाता है जिन्होंने आर्ट्स कोर्स चुना है
○ उन विद्यार्थियों को दर्शाता है जिन्होंने विज्ञान पाठ्यक्रम चुना है
□ उन विद्यार्थियों को दर्शाता है जिन्होंने डांस कोर्स चुना है



**Q90.** कितने विद्यार्थियों ने विज्ञान पाठ्यक्रम को चुना है?
(a) 141
(b) 185
(c) 113
(d) 145

**Q91.** कितने विद्यार्थियों ने डांस कोर्स और विज्ञान पाठ्यक्रम को चुना है, लेकिन आर्ट्स कोर्स को नहीं?
(a) 43
(b) 44
(c) 12
(d) 23

**Q92.** कितने विद्यार्थियों ने आर्ट्स कोर्स और विज्ञान कोर्स को चुना है, लेकिन डांस कोर्स को नहीं?
(a) 23
(b) 12
(c) 35
(d) 44

**Q93.** जब किसी वस्तु को ऊपर की ओर सीधा फेंका जाता है, तो इसका:
(a) वेग शून्य और त्वरण शून्य होता है
(b) वेग शून्य है और इसका त्वरण लगभग 10 $m/s^2$ है
(c) वेग 10 m/s है और इसका त्वरण शून्य होता है
(d) वेग 10 m/s है और इसका त्वरण लगभग 10 $m / s^2$ है

**Q94.** प्रतीकों के सही समूह का चयन कीजिए:
21 9 13 7 = 195
(a) x, –, ÷
(b) + , ÷ , –
(c) + , –, ÷
(d) ×, +, –

**Q95.** हवा में निम्नलिखित में से कौन सी गैस पीतल के मलिनकिरण के लिए उत्तरदायी है?
(a) हाइड्रोजन सल्फाइड
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) नाइट्रोजन
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड

**Q96.** चयन कीजिए निम्नलिखित में से कौन सा अलग या विषम है।
(a) डल झील
(b) सांभर झील
(c) वेम्बनाड झील
(d) वुलर झील

**Q97.** संख्या: 2, 4, 5, 6, 5, 4, 3, 5, 3, 1, और 7 के निम्नलिखित सूचि में कौन सा बहुलक है?
(a) 3
(b) 4
(c) 5
(d) 2

**Q98.** भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य, सत्यमेव जयते ("Truth alone triumphs"), प्राचीन भारतीय शास्त्र से एक मंत्र है-
(a) ऋग्वेद
(b) मुण्डकोपनिषद्
(c) भगवद गीता
(d) मत्स्य पुराण

**Q99.** P ने 400 रुपये में एक वस्तु खरीदी और इसे 10% के लाभ पर बेचा। यदि 460 रुपये में बेचा जाये, तो लाभ प्रतिशत में कितनी वृद्धि होगी?
(a) 5%
(b) 10%
(c) 12%
(d) 15%

**Q100.** वर्ष 2016 में, ISRO ने ______ नामक अपना सफलतापूर्वक पांचवां नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया।
(a) IRNSS 1D
(b) IRNSS 1E
(c) VELOX-C1
(d) TeLEOS-1